AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

एमबीए के कोर्स में शामिल होगा 'अयोध्या के परिवर्तन'

लविवि : व्यापार प्रशासन विभाग में शुरू होगा पाठ्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से खुद को जोड़ने की तैयारी कर रहा है। विवि का व्यापार प्रशासन विभाग (लुंबा) एमबीए कार्यक्रम में 'अयोध्या के परिवर्तन' पर एक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस पाठ्यक्रम को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित कर एक प्राचीन शहर से आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है।

लघु शोध के तौर पर अध्ययन करेंगे विद्यार्थी

एमबीए प्रोग्राम में अयोध्या पर आधारित इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग विषय की पढ़ाई चौथे सेमेस्टर में होगी। इसके लिए विद्यार्थी को चार क्रेडिट दिए जाएंगे। इसके तहत विद्यार्थी अंतिम सेमेस्टर में लघु शोध (डिसर्टेशन) के माध्यम से अयोध्या में हो रहे बदलावों का विभिन्न चरणों के अध्ययन कर शोध आख्या देंगे। पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय एवं परिवर्तन का अध्ययन करना है।

बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को अवसरों का स्रोत और पहचान करने, नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए तकनीक विकसित करने, नवाचार के लिए व्यावसायिक मूल्य उत्पन्न करने और दिए गए क्षेत्र में व्यावसायिक क्षमता का आकलन करने और कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

भजन, सुंदरकांड और दीपोत्सव का आयोजन

लखनऊ। 22 नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर लविवि में विविध आयोजन होंगे। रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी करते इस संबंध में निर्देश दिए। प्राण प्रतिष्ठा के दिन विवि में भजन, सुंदरकांड, आरती के साथ ही शाम में दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम में विवि के सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। भाषा विवि में भी प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर दीपोत्सव सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। (संवाद)

रोजगार मेले में 80 चयनित

लखनऊ। राजधानी के काकोरी ब्लॉक में बृहस्पतिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यूपी कौशल विकास मिशन के तहत आयोजित मेले में 340 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। अलीगंज आईटीआई के प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने बताया कि इस मेले में 80 प्रतिभागियों को रोजगार दिया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रवि राज, बीडीओ अमित सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

चार छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। लविवि में मेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सभी को पांच लाख रुपये का पैकेज दिया जाएगा। व्यवसाय प्रशासन विभाग की अध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि चयनितों के नाम गौरव पांडेय, सचिन सिंह, पीयूष कुमार और प्रवीण सिंह हैं। प्लेसमेंट एवं कॅरियर डवलपमेंट सेल के समन्वयक डॉ. अनु कोहली, डॉ. वेद श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव ने उन्हें बधाई दी। (संवाद)

NBT PAGE 4

MBA में अब अयोध्या का 'पाठ'

चौथे सेमेस्टर में इनोवेशन ऐंड डिजाइन थिंकिंग में होगा 4 क्रेडिट का टॉपिक

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ: एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग में स्टूडेंट्स को अब एमबीए में 'अयोध्या के परिवर्तन' टॉपिक भी पढ़ाया जाएगा। इसके जरिए स्टूडेंट प्रबंधन के लिहाज से अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करेंगे। एमबीए के चौथे सेमेस्टर में अगले सत्र से 'इनोवेशन ऐंड डिजाइन थिंकिंग' में चार क्रेडिट का यह टॉपिक पढ़ाया जाएगा।

लखनऊ विवि के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के जरिए स्टूडेंट्स को अयोध्या को अच्छे से समझने का मौका भी मिलेगा। विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की हेड प्रो. संगीता साहू ने बताया कि पाठ्यक्रम में अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप भी शामिल किया गया है। पाठ्यक्रम में परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन को भी शामिल किया गया है। इस कोर्स का मकसद एक प्राचीन शहर से एक आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है।

NBT Lens समझिए खबरों के अंदर की बात

क्यों शुरू किया जा रहा कोर्स?

अयोध्या को विश्व के सबसे बड़े तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ऐसे में यहां होटल, ट्रैवल्स समेत कई सेक्टर में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को देखते हुए कई बड़ी कंपनियां भी यहां निवेश कर रही हैं। आने वाले समय में भी कई बड़ी कंपनियां निवेश करेंगी। इस स्थिति में ऐसे एमबीए पासआउट्स की आवश्यकता होगी, जो अयोध्या को बेहतर तरीके से समझते हों और यह जानकारी रखते हों कि वहां किस तरह के बिजनेस की स्कोप अधिक है। इस स्थिति में एलयू से एमबीए करने वालों की डिमांड बढ़ सकती है। उन्होंने रामनगरी के बारे में पढ़ा होगा। इसके अलावा अयोध्या के जरिए स्टूडेंट्स को यह समझाने का प्रयास भी किया जाएगा कि किसी व्यवस्था में परिवर्तन और विकास होने से वहां किस्र तरीके से जॉब और व्यावापार की संभावनएं बढ़ती हैं।

भाषा विवि में हो रहा रामायण पर शोध

भाषा विवि में इन दिनों रामायण पर भी शोध हो रहा है। वीसी प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि डॉ. जफरुन नकी उर्दू में रामायण का अनुवाद कर रहे हैं। इस तरह डॉ. जमाल शब्बीर रिजवी श्रीमद्भगवत गीता के उर्दू अनुवाद का तुलनात्मक अध्ययन कर रहे हैं। वहीं, इतिहास विभाग के डॉ. लक्ष्मण सिंह वाल्मीकि रामायण की लोक जीवन की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर शोध कर रहे हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: अयोध्या का बदलाव अब एमबीए के पाठ्यक्रम में

पहल

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग में एमबीए कार्यक्रम में 'अयोध्या के परिवर्तन' पर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों को प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग (लुम्बा) ने एमबीए कार्यक्रम में पाठ्यक्रम तैयार किया है। इसे अगले सत्र में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग में चतुर्थ सेमेस्टर में पेश किया जाएगा। यह कोर्स चार क्रेडिट का होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विद्यार्थियों को रामनगरी अयोध्या को अच्छे से समझने का मौका मिलेगा। इस पहल से छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा को आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर मिलेगा। कुलपति बताते हैं कि अयोध्या में आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और विरासत के गौरवशाली अतीत के साथ-साथ वैश्विक प्रभाव को भी देखने को मिलेगा। दिव्यता और आस्था की आधुनिक दुनिया को इस पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

प्राचीन शहर से आधुनिक तीर्थस्थल में बदलने की स्टडी: व्यवसाय प्रशासन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.

04 क्रेडिट का होगा कोर्स, चौथे सेमेस्टर के छात्र पढ़ सकेंगे

22 जनवरी को भजन, कीर्तन और दीपोत्सव

एलयू में 22 जनवरी को भजन-कीर्तन और दीपोत्सव का आयोजन होगा। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने एक पत्र जारी किया है। जिसमें 22 जनवरी को एलयू के टैगोर प्रांगण में दोपहर 2:30 बजे से भजन शुरू होंगे। 3 बजे से सुंदरकांड पाठ, 5 बजे आरती और 5:15 बजे दीपोत्सव होगा। भाषा विश्वविद्यालय में भी इस अवसर पर दीपोत्सव होगा।

संगीता साहू ने बताया कि पाठ्यक्रम में अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप को शामिल किया गया है। पाठ्यक्रम में परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन को भी शामिल किया गया है। प्रो. संगीता साहू का कहना है कि इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करके एक प्राचीन शहर से आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है।

एलयू में चार छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन कैंपस प्लेसमेंट के जरिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी में हुआ है। व्यवसाय प्रशासन विभाग में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी ने दिसंबर और जनवरी माह में कई चरणों में वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। जिसमें व्यवसाय प्रशासन विभाग के विद्यार्थियों का चयन रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर किया गया। चयनितों को 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया गया है।

PIONEER PAGE 3

अयोध्या के परिवर्तन पर एमबीए में नया पाठ्यक्रम शुरू करेगा एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अयोध्या में राम मंदिर के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग) ने अपने एमबीए प्रोग्राम में अयोध्या के परिवर्तन पर एक पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इसे अगले सत्र में एमबीए प्रोग्राम में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग पर चतुर्थ सेमेस्टर में 4 क्रेडिट कोर्स में पेश किया जाएगा। इससे छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।

इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करके एक प्राचीन तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस पाठ्यक्रम को बेहतरीन डिजाइन और परिणाम में शामिल प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर बताया है। स्वयं एक प्रबंधन विशेषज्ञ होने के नाते, प्रो राय ने इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर बताया। अयोध्या के निर्माण में देखे गए और साकार किए गए सपने न केवल आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और विरासत के गौरवशाली अतीत से होकर गुजरते हैं बल्कि वैश्विक प्रभाव, दिव्यता और आस्था की आधुनिक दुनिया से भी जुड़ते हैं। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की हेड प्रोफेसर संगीता साहू ने पाठ्यक्रम को तैयार करने, अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप, परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से शिक्षण और सीखने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को अवसरों का स्रोत और पहचान करने, नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए तकनीक विकसित करने, नवाचार के लिए व्यावसायिक मूल्य उत्पन्न करने और दिए गए क्षेत्र में व्यावसायिक क्षमता का आकलन करने और कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

22 जनवरी को भजन, सुंदरकांड के बीच दीपोत्सव मनायेंगे लविवि सहित कालेज: आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय सहित कालेजों में भजन, सुंदरकांड, आरती सहित दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस बाबत आदेश जारी कर सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को शामिल होने को कहा है। इस मौके पर सभी को भारतीय पारम्परिक वेश-भूषा में आने को कहा गया है।

चला स्वच्छता अभियान

लविवि के मुख्य एवं द्वितीय परिसर स्थित छात्रावासों में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिरक्षक, सहायक अधिरक्षक, अन:वासी छात्र,छात्राएं एवं कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दिखाई। मुख्य परिसर से प्रो मनोज शर्मा, डा भुवनेश्वरी, डा एस पी कनौजिया, प्रो बबिता जायसवाल,ए डॉ अलका मिश्रा एवं अन्य अधिरक्षक, सहायक अधिरक्षक तथा नवीन परिसर से डा अर्चना सिंह, डा अनुपमा श्रीवास्तव, डा अभिषेक कुमार एवं अन्य अधिरक्षक, सहायक अधिरक्षक ने विशेष रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

अयोध्या के विकास पर लविवि एमबीए में शुरू करेगा नया पाठ्यक्रम

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर व्यापार प्रशासन विभाग,लविवि अपने एमबीए कार्यक्रम में अयोध्या के परिवर्तन पर एक पाठ्यक्रम शुरू

छात्रों के कौशल विकास में मददगार साबित होगा कोर्स

करने जा रहा है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करके एक प्राचीन शहर से एक आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस पाठ्यक्रम को बेहतरीन डिजाइन और परिणाम में शामिल प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर बताया है। स्वयं एक प्रबंधन विशेषज्ञ होने के नाते प्रो.राय ने इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर बताया। अयोध्या के निर्माण में देखे गए और साकार किए गए सपने न केवल आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और विरासत के गौरवशाली अतीत से होकर गुजरते हैं बल्कि वैश्विक प्रभाव, दिव्यता और आस्था की आधुनिक दुनिया से भी जुड़ते हैं। इसे अगले सत्र में एमबीए प्रोग्राम में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग पर चतुर्थ सेमेस्टर में 4 क्रेडिट कोर्स में पेश किया जाएगा। इससे छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग (लुम्बा) ने एमबीए कार्यक्रम में पाठ्यक्रम तैयार किया है। इसे अगले सत्र में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग में चतुर्थ सेमेस्टर में 4 क्रेडिट कोर्स में पेश किया जाएगा। इससे छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करना है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विद्यार्थियों को रामनगरी अयोध्या को अच्छे से समझने का मौका मिलेगा। इस पहल से छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा को आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर बताया है। स्वयं एक प्रबंधन विशेषज्ञ होने के नाते प्रो.राय ने इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर बताया। अयोध्या के निर्माण में देखे गए और साकार किए गए सपने न केवल आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और विरासत के गौरवशाली अतीत से होकर गुजरते हैं बल्कि वैश्विक प्रभाव, दिव्यता और आस्था की आधुनिक दुनिया से भी जुड़ते हैं। इसे अगले सत्र में एमबीए प्रोग्राम में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग पर चतुर्थ सेमेस्टर में 4 क्रेडिट कोर्स में पेश किया जाएगा। इससे छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करना है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस पाठ्यक्रम को बेहतरीन डिजाइन और परिणाम में शामिल प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर बताया है। स्वयं एक प्रबंधन विशेषज्ञ होने के नाते प्रो.राय ने इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर बताया है। प्रो. राय ने इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का अवसर मिलेगा। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि पाठ्यक्रम में अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप, परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से शिक्षण और सीखने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को अवसरों का स्रोत और पहचान करने, नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए तकनीक विकसित करने, नवाचार के लिए व्यावसायिक मूल्य उत्पन्न करने और दिए गए क्षेत्र में व्यावसायिक क्षमता का आकलन करने और छात्रों के बीच कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की हेड प्रोफेसर संगीता साहू ने कोर्स को तैयार करने, अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप, परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से शिक्षण और सीखने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को अवसरों का स्रोत और पहचान करने, नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए तकनीक विकसित करने, नवाचार के लिए व्यावसायिक मूल्य उत्पन्न करने और दिए गए क्षेत्र में व्यावसायिक क्षमता का आकलन करने और कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

एलयू के चार छात्रों का चयन

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी ने लविवि के व्यवसाय प्रशासन विभाग में दिसंबर 2023 एवं जनवरी 2024 माह में विभिन्न चरणों में वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड एक भारतीय परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) है जिसकी स्थापना 1993 में आईसीआईसीआई बैंक और प्रूडेंशियल पीएलसी के संयुक्त उद्यम के रूप में की गई थी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड के बाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी संपत्ति प्रबंधन कंपनी है। यह कंपनी 5.1 लाख करोड़ रुपये (64 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की संपत्ति का प्रबंधन करती है और इसका मुख्यालय मुंबई में है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी ने इस कैंपस ड्राइव में 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर रिलेशनशिप मैनेजर की नौकरी की पेशकश की।

लविवि के सभी छात्रावास में चला स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के मुख्य और द्वितीय परिसर स्थित छात्रावासों में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अधिरक्षक,सहायक अधिरक्षक, अनत:वासी छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दिखाई। मुख्य परिसर से प्रो.मनोज शर्मा, डा.भुवनेश्वरी, डा.एसपी कनौजिया, प्रो.बबिता जायसवाल, डॉ.अलका मिश्रा एवं अन्य अधिरक्षक, सहायक अधिरक्षक तथा नवीन परिसर से डा.अर्चना सिंह,डा.अनुपमा श्रीवास्तव, डा.अभिषेक कुमार एवं अन्य अधिरक्षक, सहायक अधिरक्षक ने विशेष रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया। स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण और डीएसडब्ल्यू प्रो.संगीता साहू एवं मुख्य अधिरक्षक प्रो.अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं ने छात्रावास के लॉन्स, गार्डन्स, मेस, और बरामदों की साफ-सफाई सुनिश्चित की गई और उसके उपरांत सभी वास्तियों ने अपने-अपने कमरों की प्रभावी तरीके से साफ-सफाई की।

TOI PAGE 2

LU to teach Ayodhya's transformation in MBA course

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University will be introducing a topic on 'Transformation of Ayodhya' in its 2-year MBA programme from the academic session 2024-25.

A decision regarding this was taken during a meeting on Thursday.

The paper will be introduced in the 4th semester and will be a four-credit course on "innovation and design thinking".

Students will get an opportunity to study the real-time transformation of Ayodhya in terms of management at various functional levels.

"We are introducing Transformation of Ayodhya as a paper that will focus on the shift in the entire ecosystem through changes in different spheres of Ayodhya i.e from an ancient city to a sprawling modern pilgrimage centre," said vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

He said this was an opportunity to develop a better understanding of the processes involved in its design and outcome.

Rai, who is also a management faculty at Banaras Hindu University, said: "This endeavour is a chance for students to witness the transformation and imbibe it through experiential learning. The dreams envisioned and realized in the making of Ayodhya, not only travel from a glorious past of spirituality, culture, tradition, and heritage but also connect to the modern world of global influence, divinity, and faith."

V Sunil

Devotees in Ayodhya

i-NEXT PAGE 6

स्टूडेंट्स को अब अयोध्या का भी पाठ पढ़ाएगा एलयू

एलयू ने अयोध्या पर कोर्स शुरू करने की पेशकश की

LUCKNOW (18 JAN): अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए एलयू ने अयोध्या पर एक कोर्स शुरू करने की पेशकश की है. यह कोर्स एलयू का बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग शुरू करेगा, जो एमबीए कार्यक्रम में अयोध्या के परिवर्तन पर आधारित होगा. वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय

क्रेडिट कोर्स के रूप में जुड़ेगा कोर्स

अगले शैक्षिक सत्र में अयोध्या के इस प्रोग्राम को एमबीए प्रोग्राम में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग पर चौथे सेमेस्टर में 4 क्रेडिट कोर्स में पेश किया जाएगा. इससे स्टूडेंट्स को अलग-अलग कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करने का मौका मिलेगा बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की हेड प्रोफेसर संगीता साहू ने कोर्स को तैयार करने, अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने और प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप, परियोजनाओं और क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से शिक्षण और सीखने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को अवसरों का स्रोत और पहचान करने, नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए तकनीक विकसित करने, नवाचार के लिए व्यावसायिक मूल्य उत्पन्न करने और दिए गए क्षेत्र में व्यावसायिक क्षमता का आकलन करने और कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

एलयू में 30-31 जनवरी को होगा कैंपस प्लेसमेंट

LUCKNOW (18 Jan, inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी में ग्रैजुएशन व पीजी के स्टूडेंट्स के लिए रोजगार पाने का बेहतरीन मौका है एलयू में 30 और 31 जनवरी को दो नामी कंपनियां स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट का मौका लाई हैं. एलयू के इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के प्लेसमेंट सेल की ओर से इन कंपनियों में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. प्लेसमेंट सेल के हेड डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एलयू के स्टूडेंट्स के लिए विप्रो एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कंटमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख सालाना के पैकेज पर प्लेसमेंट करेगी. इसके लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी, मैथ्स ऑनर्स, स्टेटिस्टिक्स ऑनर्स, इकोनोमिक्स ऑनर्स, बीएससी कंप्यूटर्स और बीएससी आईटी को छोड़कर स्टूडेंट्स को चुना जाएगा.

आ चुके हैं 350 से अधिक आवेदन

लखनऊ यूनिवर्सिटी में होने वाले कैंपस प्लेसमेंट के लिए 18 जनवरी लास्ट डेट थी गुरुवार तक 350 से अधिक स्टूडेंट्स ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए अप्लेन किया है. डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि इस फॉर्म के लिए सबसे अधिक आवेदन बीकॉम कोर्स के स्टूडेंट्स ने किया. 100 से अधिक आवेदन बीसीए कोर्स से है. इसके बाद बीबीए के 80 से अधिक स्टूडेंट्स और बीसीए के 50 से अधिक स्टूडेंट्स प्लेसमेंट में हिस्सा लेने के लिए आवेदन कर चुके हैं. उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स का कंपनी की फाइल से अधिक क्रेज दिखा रहा है.

JAGRAN CITY PAGE III

विद्यार्थी कोर्स में पढ़ेंगे अयोध्या का परिवर्तन

जासं, लखनऊ : अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय का व्यापार प्रशासन विभाग अपने एम.बी.ए. कार्यक्रम में 'अयोध्या के परिवर्तन' पर एक पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करके एक प्राचीन शहर से एक आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है।

लवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि अगले सत्र में एम.बी.ए प्रोग्राम में 'इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग' पर चौथे सेमेस्टर में चार क्रेडिट कोर्स में पेश किया जाएगा। इससे छात्र-छात्राओं को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। कुलपति ने इस पाठ्यक्रम को बेहतरीन डिजाइन और परिणाम में शामिल प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के निर्माण में देखे गए और साकार किए गए सपने न केवल आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और विरासत के गौरवशाली अतीत से होकर गुजरते हैं, बल्कि

वैश्विक प्रभाव, दिव्यता और आस्था की आधुनिक दुनिया से भी जुड़ते हैं।

इंटर्नशिप भी कर सकेंगे : व्यापार प्रशासन विभाग की हेड प्रोफेसर संगीता साहू ने बताया कि इस पाठ्यक्रम से छात्र-छात्राओं को अवसरों का स्रोत और पहचान करने, नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए तकनीक विकसित करने, नवाचार के लिए व्यावसायिक मूल्य उत्पन्न करने और दिए गए क्षेत्र में व्यावसायिक क्षमता का आकलन करने, छात्रों के बीच कौशल विकास में योगदान करने में मदद करेगा। इसमें अयोध्या के निवासियों के साथ संवाद करने, प्रक्रिया का विश्लेषण करने के लिए इंटर्नशिप का भी मौका मिलेगा।

LOKSATYA PAGE 3

'अयोध्या के परिवर्तन' पर पाठ्यक्रम शुरू करेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

'अयोध्या के परिवर्तन' पर LU में शुरू होगा पाठ्यक्रम

लखनऊ (एसएनबी)। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर, लखनऊ विश्वविद्यालय बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग अपने एमबीए कार्यक्रम में 'अयोध्या के परिवर्तन' पर एक पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। आईपीपीआर के निदेशक प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के सभी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करके एक प्राचीन शहर से एक आधुनिक तीर्थस्थल में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना है। लविवि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस पाठ्यक्रम को बेहतरीन डिजाइन और परिणाम में शामिल प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ावा देने का एक अवसर बताया है। प्रो. राय ने इस पहल को छात्रों के लिए अयोध्या में परिवर्तनों को देखने और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से इसे आत्मसात करने का एक आदर्श अवसर बताया।

अयोध्या के निर्माण में देखे गए और साकार किए गए सपने न केवल आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और विरासत के गौरवशाली अतीत से होकर गुजरते हैं बल्कि वैश्विक प्रभाव, दिव्यता और आस्था की आधुनिक दुनिया से भी जुड़ते हैं। इसे अगले सत्र में एमबीए प्रोग्राम में इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग के तहत चार क्रेडिट कोर्स प्रस्तुत किये जाएंगे। इससे छात्रों को विभिन्न कार्यात्मक स्तरों पर प्रबंधन के संदर्भ में अयोध्या के वास्तविक समय परिवर्तन का अध्ययन करने का मौका मिलेगा।

■ लविवि एमबीए के चौथे सेमेस्टर में 4 क्रेडिट कोर्स में लॉन्च करेगा पाठ्यक्रम

अयोध्या परिवर्तन पर शुरू होगा पाठ्यक्रम

लविवि : एमबीए में नए पाठ्यक्रम